AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

लविवि : कैंपस प्लेसमेंट में 15 विद्यार्थी सफल

लखनऊ। लविवि के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय की ओर से आयोजित कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में 15 छात्र-छात्राओं को सफलता मिली है। इन्हें अधिकतम पांच लाख रुपये तक का पैकेज मिला है। प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. हिमांशु ने बताया कि बीसीए के विद्यार्थियों में अंकुर वर्मा, अनुपम, जतिन यादव, नितेश यादव, रुश्दिया, श्रद्धा मिश्रा, आकर्षि, रोहन, जाह्नवी और तान्या का चयन असमदिया टेक्नोलॉजीज में साफ्टवेयर डेवलपर के पद पर हुआ है। इसी तरह से गीतांजलि, नवाजिश बेग, मोहित गंगवार, मो. अब्दुल्ला और कृतिका का चयन बिजनेस डेवलपमेंट एग्जीक्यूटिव के पद पर किया गया है। (संवाद)

याद आए छात्रावास में बिताए दिन

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के आचार्य नरेंद्र देव छात्रावास का दूसरा पुरातन छात्र समागम सोमवार को गोमतीनगर स्थित शीरोज कैफे में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जिलों से तमाम पूर्व छात्रों ने शामिल होकर विश्वविद्यालय के दौर की यादों को ताजा किया। आयोजन समिति के सदस्य प्रदीप सिंह बब्बू ने बताया कि कार्यक्रम में 80 और 90 के दशक से लेकर वर्तमान के पूर्व छात्रों ने शामिल होकर अपने पुराने रिश्तों को सहेजा। भोजपुरी गायक सुरेश कुशवाहा ने सांस्कृतिक टीम के साथ प्रस्तुति दी। (संवाद)

अर्थशास्त्र पीएचडी कोर्स वर्क की परीक्षा 19 से

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र विषय के पीएचडी कोर्स वर्क की परीक्षाओं की तिथियां सोमवार को जारी कर दी गईं। इसमें रिसर्च मेथडोलॉजी इन इकनॉमिक्स की परीक्षा 19 अप्रैल को और एडवांसेज इन इकनॉमिक्स थियरी एंड पॉलिसी की परीक्षा 20 अप्रैल को होगी। विभागाध्यक्ष प्रो. एमके अग्रवाल ने इसकी जानकारी दी। पत्र जारी करते हुए इसकी जानकारी दी। दोनों परीक्षाएं दोपहर 12 से 3 बजे के बीच विभाग में संपन्न कराई जाएंगी। (संवाद)

लविवि : आज से शुरू होगी पीजी में दाखिले की दौड़

क्रिश्चियन और महाराजा बिजली पासी कॉलेज में भी दाखिले के आवेदन शुरू

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में परास्नातक के सामान्य व व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया मंगलवार से शुरू हो जाएगी। ऑनलाइन प्रवेश फॉर्म भरने के अंतिम तिथि 10 जून तय की गई है। इसी तरह विज्ञानादित्य मार्ग स्थित अवध गर्ल्स डिग्री कॉलेज में भी मंगलवार से दाखिला प्रक्रिया शुरू होगी। उधर, गोलागंज स्थित क्रिश्चियन पीजी कॉलेज और आशियाना स्थित महाराजा बिजली पासी गवर्नमेंट पीजी कॉलेज में प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया सोमवार से शुरू हो गई है।

लविवि प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर एडमिशन पेज में पीजी एडमिशन पर जाकर प्रवेश संबंधी सारी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। सामान्य परास्नातक कोर्सों में आवेदन शुल्क 1000 रुपये, जबकि व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के लिए 1600 रुपये निर्धारित किया गया है। लविवि के साथ ही शहर के ज्यादातर महाविद्यालयों ने अपने यहां प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है।

क्रिश्चियन कॉलेज के प्राचार्य डेंजिल जॉन गोडिन ने बताया कि विद्यार्थी कॉलेज की वेबसाइट lucknowchristiancollege.in पर आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश फॉर्म का शुल्क 800 रुपये है।

महाविद्यालय में बीए की 440, बीकॉम की 620, बीएससी बायो की 240, बीएससी मैथ की 240, बीपीएड की 60, एमए अंग्रेजी की 60 और एमएससी केमिस्ट्री की 40 सीटें हैं। महाराजा बिजली पासी गवर्नमेंट पीजी कॉलेज की प्राचार्य प्रो. सुमन गुप्ता ने बताया कि प्रवेश आवेदन सोमवार से शुरू हो गए हैं।

आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह से ऑनलाइन है। विद्यार्थी वेबसाइट www.mbpgpgc.in पर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन शुल्क 250 रुपये है। विद्यार्थी यूजी और पीजी दोनों पाठ्यक्रमों में आवेदन कर सकते हैं। अवध गर्ल्स कॉलेज की प्राचार्य प्रो. बीना राय ने बताया कि छात्राएं महाविद्यालय की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकती हैं। प्रवेश फॉर्म का शुल्क 900 रुपये है। कॉलेज में बीए की 400, बीकॉम की 240 और एमए अंग्रेजी की 60 सीटें हैं।

अवध गर्ल्स कॉलेज में आज से किए जा सकेंगे आवेदन

बीटेक सातवें सेमेस्टर के परिणाम घोषित

लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में सोमवार को बीटेक सातवें सेमेस्टर की परीक्षाओं के परिणाम घोषित कर दिए गए। विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट kmclu.ac.in पर परिणाम देख सकते है। परीक्षा नियंत्रक डॉ. भावना मिश्रा ने बताया कि जारी परिणामों में बीटेक बायोटेक्नोलॉजी, बीटेक कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, बीटेक मैकेनिकल इंजीनियरिंग और बीटेक सिविल इंजीनियरिंग विषय शामिल हैं। (संवाद)

NBT PAGE 4

एलयू में पीजी में दाखिले के लिए आज से आवेदन

■ एनबीटी सं, लखनऊ : एलयू में सत्र 2023-24 के लिए मंगलवार से केंद्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया के तहत ऑनलाइन परास्नातक, परास्नातक प्रफेशनल, वीपीएड, एमपीएड और एमएड की 5 हजार सीटों के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। फॉर्म 10 जून तक भरे जा सकेंगे। एलयू पीआरओ डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि अभ्यर्थी एलयू की वेबसाइट पर ऐडमिशन संबंधी जानकारी मिलेगी। अभ्यर्थियों को विवि या किसी अन्य महाविद्यालय में प्रवेश फॉर्म भरने से पहले https://www.lkouniv.ac.in/ पर जाकर रजिस्ट्रेशन नंबर (एलयूआरएन) पंजीकरण कराना होगा।

डिप्लोमा कोर्स की फीस तय

एलयू ने विदेशी स्टूडेंट्स के लिए फारसी और उर्दू में ग्रीष्मकालीन कार्यक्रम और डिप्लोमा कोर्स शुरू करने का फैसला किया है। इसके लिए फीस तय कर दी गई है। 8 हफ्ते के ग्रीष्मकालीन कार्यक्रम के लिए 5 हजार रुपये और डिप्लोमा कोर्स के लिए 7500 रुपये फीस तय की गई है।

JAGRAN CITY PAGE III

लवि में परास्नातक के आवेदन आज से

पांच हजार सीटों पर दाखिले के लिए 10 जून तक भरें फार्म, होगी प्रवेश परीक्षा

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में सत्र 2023-24 की केंद्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत परास्नातक, परास्नातक प्रोफेशनल, वीपीएड, एमपीएड व एमएड कोर्सों की पांच हजार सीटों पर प्रवेश के लिए आनलाइन आवेदन प्रक्रिया मंगलवार से शुरू होगी। कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय इसका शुभारंभ करेंगे। आवेदन के लिए 10 जून तक मौका दिया गया है। आवेदन संबंधी विस्तृत सूचना लवि की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in के एडमिशन पेज पर अपलोड की जा रही है।

प्रवेश समन्वयक प्रोफेसर पंकज माथुर ने बताया कि एडमिशन फार्म अभ्यर्थी अपने मोबाइल के माध्यम से भी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर या लवि का एप डाउनलोड करके भी भर सकते हैं।

ये है आवेदन शुल्क

- **परास्नातक प्रोग्राम** : सामान्य, ओबीसी वर्ग : 1000 रुपये, एससी,एसटी, पीएच (फिजिकली हैंडीकैप) वर्ग-500 रुपये
- **पीजी प्रोफेशनल (एमबीए, एमटीटीएम)** : सामान्य, ओबीसी वर्ग-1600 रुपये, एससी, एसटी व पीएच-800 रुपये
- **वीपीएड** : सामान्य, ओबीसी वर्ग-1600 रुपये, एससी, एसटी, पीएच वर्ग-800 रुपये
- **एमपीएड** : सामान्य, ओबीसी वर्ग-1600 रुपये, एससी, एसटी, पीएच वर्ग-800 रुपये
- **एमएड** : सामान्य, ओबीसी- 1600 रुपये, एससी, एसटी, पीएच -800 रुपये।

फार्म भरते समय इन बातों का रखें ध्यान

- आवेदन से पहले अभ्यर्थियों को एलयूआरएन में पंजीकरण कराना अनिवार्य
- आवेदन फार्म में पंजीकरण संख्या जरूरी है।
- अभ्यर्थी के फोटो की स्कैन कापी 50 केबी के अंदर हो।
- हस्ताक्षर की स्कैन कापी 50 केबी से अधिक न हो
- आरक्षण का लाभ लेने के लिए प्रमाणपत्र की स्कैन कापी 50 केबी की हो।
- प्रवेश फार्म की फीस आनलाइन जमा करने के बाद 72 घंटे के पहले दोबारा न जमा करें।
- असुविधा होने पर हेल्पलाइन नंबर-0522-4150500 पर सुबह 10 से शाम छह बजे तक संपर्क करें।

सुभाष कालेज : प्रवेश परीक्षा आठ, नौ जुलाई को

लखनऊ विश्वविद्यालय के बाद अब नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय महिला पीजी कालेज ने स्नातक प्रवेश परीक्षा की तिथि तय कर दी। यहां प्रवेश परीक्षा आठ व नौ जुलाई को होगी। प्राचार्या प्रोफेसर अनुराधा तिवारी ने बताया कि एक दिन बीए और दूसरे दिन बीकाम व बीएससी पाठ्यक्रम के लिए प्रवेश परीक्षा होगी। प्रत्येक पाठ्यक्रम की प्रवेश परीक्षा में 100 प्रश्न पूछे जाएंगे। हर प्रश्न एक अंक का होगा। प्रश्न पत्र का पैटर्न एमसीक्यू (मल्टीपल च्वाइस क्वेश्चयन) आधारित होगा। उन्होंने बताया कि बीए 600, बीकाम 120 और बीएससी में 100 सीटों पर दाखिले प्रवेश परीक्षा की मेरिट के आधार पर दिए जाएंगे। प्रवेश परीक्षा का विस्तृत शेड्यूल कालेज की वेबसाइट पर जारी किया जाएगा।

19, 20 को पीएचडी अर्थशास्त्र कोर्स वर्क की परीक्षा : लखनऊ विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग ने पीएचडी कोर्स वर्क (बैच 2021-22) की परीक्षा का शेड्यूल सोमवार को जारी कर दिया। विभाग के हेड प्रोफेसर एमके अग्रवाल ने बताया कि 19 अप्रैल को रिसर्च मैथडोलाजी इन इकोनॉमिक्स पेपर-1 और 20 अप्रैल को एडवांस इन इकोनॉमिक्स थ्योरी एंड पालिसी पेपर-2 की परीक्षा होगी। दोनों दिन परीक्षा का समय दोपहर 12 बजे से तीन बजे तक रहेगा।

निबंध लेखन में दीपशिखा, भाषण में अंकित प्रथम

नेशनल पीजी कालेज में सोमवार को आर्य समाज का स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर स्वामी दयानंद सरस्वती का जीवन दर्शन विषय पर निबंध लेखन व भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्राचार्य देवेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि भाषण में अंकित गौतम प्रथम, अनन्या शर्मा द्वितीय व दीप शिखा को तीसरा स्थान मिला। निबंध प्रतियोगिता में दीप शिखा प्रथम, इशरा द्वितीय व अंकित तीसरे स्थान पर रहे। इस अवसर पर हिन्दी विभाग के अध्यक्ष डा. रामकृष्ण ने छात्र-छात्राओं को स्वामी दयानंद के विचारों से अवगत कराया।

15 और छात्र-छात्राओं को मिली नौकरी

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी संकाय के प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में 15 छात्र-छात्राओं को तीन कंपनियों में प्लेसमेंट मिला है। प्लेसमेंट इंचार्ज डा. हिमांशु पांडेय ने बताया कि असमदिया टेक्नोलाजी कंपनी में बीसीए के अंकुर वर्मा, अनुपम वर्मा, जतिन यादव, नितेश यादव, रुश्दिया, श्रद्धा मिश्रा, आकर्षि रोहतगी, रोहन चौरसिया, जाह्नवी शर्मा, और तान्या त्रिपाठी का चयन जूनियर साफ्टवेयर डेवलपर के पद पर हुआ। इन्हें अधिकतम 3.5 लाख प्रतिवर्ष का पैकेज मिला है।

गीतांजलि होम स्टेट कंपनी में बीटेक के नवाजिश बेग और मोहित गंगवार का चयन चार लाख प्रतिवर्ष के पैकेज एवं एमसीए के मो. अब्दुल्ला और कृतिका का चयन पांच लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर बिजनेस डेवलपमेंट एग्जीक्यूटिव के पद पर हुआ। जाइप टेक इंडिया कंपनी में एमसीए के शुभम गौतम का चयन पीएचपी डेवलपर ट्रेनी के पद पर चयन हुआ। छात्र को इंटर्नशिप के दौरान 14 हजार प्रति माह और उसके बाद अधिकतम तीन लाख प्रतिवर्ष का पैकेज मिलेगा।

प्लेसमेंट ड्राइव में शामिल हुए 40 से ज्यादा विद्यार्थी : सोमवार को सुरजीत फाइनेंस कंपनी के प्रतिनिधि कैंपस प्लेसमेंट के लिए आए। सेंट्रल प्लेसमेंट सेल की निदेशक प्रो. मधुरिमा लाल ने बताया कि साक्षात्कार में 40 से ज्यादा छात्र-छात्राएं शामिल हुए। चयनित विद्यार्थियों को ट्रेनिंग के समय 2.50 से तीन लाख रुपये का पैकेज और ट्रेनिंग के बाद चार से पांच लाख रुपये तक पैकेज मिलेगा।

एपी सेन कालेज से जुड़ सकेंगी पूर्व छात्राएं

100 वर्ष पुराने एपी सेन मेमोरियल गर्ल्स पीजी कालेज से पढ़कर निकली पूर्व छात्राएं अब अपने कालेज से जुड़कर छात्र जीवन की यादें ताजा कर सकेंगी। इसके लिए कालेज प्रशासन ने एलुमिनाई एसोसिएशन के नाम से संस्था का पंजीकरण कराया है। प्राचार्या प्रोफेसर रचना श्रीवास्तव ने बताया कि पहले एपी सेन कालेज का नाम जुबली डिग्री कालेज हुआ करता था। यहां से बड़ी संख्या में छात्राएं पढ़कर निकल चुकी हैं। पूर्व छात्राओं को कालेज से जोड़ने के लिए एलुमिनाई एसोसिएशन बनाई है, जिसका सोसाइटी रजिस्ट्रेशन एक्ट 1860 के अंतर्गत पंजीकृत कराया गया है। नौ अप्रैल को महाविद्यालय की प्रबंध समिति की बैठक में अनुमोदन मिल चुका है। जल्द ही कालेज की वेबसाइट www.apsencollege.org पर गूगल लिंक के माध्यम से पूर्व छात्राओं को जुड़ने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। उन्होंने बताया कि कालेज से वर्ष 1955 से लेकर अब तक शिक्षा प्राप्त की हुई कोई भी छात्रा गूगल लिंक पर अपना विवरण भरकर एसोसिएशन में अपना पंजीकरण करवा सकती है। किसी प्रकार की असुविधा होने पर अथवा अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए संस्था की सचिव प्रोफेसर श्वेता तिवारी से उनकी ईमेल आईडी iqacapsen@gmail.com पर संपर्क किया जा सकता है।

नारी कालेज में वार्षिक एलुमिनाई मीट कल

नारी शिक्षा निकेतन पीजी कालेज मे 12 अप्रैल को वार्षिक एलुमिनाई मीट नारी रत्नम का आयोजन किया जाएगा। प्राचार्या प्रोफेसर सपना वर्मा ने बताया कि कार्यक्रम सुबह 10.30 बजे से शुरू होगा, जिसमें कई पूर्व छात्राएं शामिल होकर अपनी यादें ताजा करेंगी। उसी दिन दोपहर एक बजे से अभिभावक-छात्रा समारोह का भी आयोजन किया जाएगा।

नगर की अन्य महत्वपूर्ण खबरें
www.jagran.com पर पढ़ें

HINDUSTAN PAGE 6

केंद्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत अभ्यर्थी 10 जून तक भर सकेंगे फॉर्म

एलयू: पीजी की पांच हजार सीटों पर आवेदन आज से

दाखिले की दौड़

- पीजी प्रोफेशनल कोर्सों में आवेदन का भी मौका
- रजिस्ट्रेशन नंबर पंजीकरण लेना जरूरी

लखनऊ, संवाददाता । लखनऊ विश्वविद्यालय और सहयुक्त महाविद्यालयों में सत्र 2023-24 के लिए प्रवेश प्रक्रिया जारी है। एलयू में भी स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया 25 मार्च से शुरू है। यहां मंगलवार से एलयू में केंद्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत ऑनलाइन परास्नातक, परास्नातक प्रोफेशनल, बीपीएड व एमपीएड और एमएड की पांच हजार सीटों पर आवेदन लिए जाने की शुरुआत होगी।

यह फॉर्म 10 जून तक भरे जा सकेंगे। प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि अभ्यर्थी एलयू की वेबसाइट पर एडमिशन पेज में पीजी एडमिशन पर जाकर प्रवेश सम्बन्धित सभी सूचनाएं पीजी एडमिशन ब्राउचर से प्राप्त कर सकते हैं। एलयू की ओर से परास्नातक पाठ्यक्रमों में एडमिशन के लिए सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों को एक हजार रुपये आवेदन शुल्क और एससी, एसटी व पीएच के लिए 800 रुपये शुल्क के तौर पर देना होगा। एलयू आरएन पंजीकरण जरूरी : प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव का कहना है कि अभ्यर्थियों को विश्वविद्यालय या किसी भी महाविद्यालय में प्रवेश फॉर्म भरने से पहले एलयू की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर लखनऊ विश्वविद्यालय रजिस्ट्रेशन नंबर (एलयूआरएन) पंजीकरण कराना अति आवश्यक है। इसके बिना प्रवेश फॉर्म नहीं भर सकेंगे।



पीएचडी कोर्स वर्क इकोनॉमिक्स की परीक्षाएं 19 व 20 को

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में पीएचडी कोर्स वर्क इकोनॉमिक्स सेव 2021-22 की परीक्षाएं 19 व 20 अप्रैल को आयोजित की जाएंगी। विभागाध्यक्ष प्रो. मनोज कुमार अग्रवाल ने बताया कि 19 को पहला पेपर रिसर्च मेथडोलोजी इन इकोनॉमिक्स और दूसरा पेपर 20 को एडवांसेस इन इकोनॉमिक्स थ्योरी एंड पॉलिसी का होगा। पेपर का समय दोपहर 12 से तीन बजे तक है।

एलयू: 15 छात्रों का हुआ कैंपस प्लेसमेंट

लखनऊ। एलयू के अभियांत्रिकीय संकाय के प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में 15 छात्र-छात्राओं का तीन कंपनियों असमदिया टेक्नोलॉजीज, गीतांजलि होमस्टेट और जाइप इंडिया में कैंपस प्लेसमेंट हुआ।

01 हजार रुपये सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए आवेदन शुल्क

05 सौ रुपये एससी, एसटी व दिव्यांग के लिए आवेदन शुल्क

अर्थव्यवस्था पर चर्चा करेंगे 500 शिक्षाविद

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में मंगलवार से भारत सहित नौ देशों के तकरीबन 500 शिक्षाविद अर्थव्यवस्था पर चर्चा करने के लिए जुटेंगे। विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग व इंडियन एकाउंटिंग एसोसिएशन द्वारा संयुक्त रूप से 'सत्रं संवृद्धि 75 : स्वतंत्रता प्राप्ति के 75 वर्षों के उपरांत तृतीय महत्तम अर्थव्यवस्था की ओर भारत के बढ़ते कदम' पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।

उर्दू, फारसी में डिप्लोमा की फीस तय

लखनऊ। एलयू ने विदेशी छात्रों के लिए फारसी और उर्दू में ग्रीष्मकालीन कार्यक्रम और डिप्लोमा कोर्स शुरू करने का फैसला किया है। आठ हफ्ते के ग्रीष्मकालीन कार्यक्रम के लिए पांच हजार रुपये और डिप्लोमा कोर्स के लिए 7500 रुपये फीस के रूप में तय कर दिया गया है। इसे वित्त समिति की बैठक में सस्पृति भी दे दी गई थी। एलयू के फारसी और उर्दू विभाग ने ओरिएंटी संस्थान नई दिल्ली व लखनऊ की मदद से समर प्रोग्राम तैयार किया है। वहीं एनईपी-2020 के तहत डिप्लोमा कोर्स तैयार किया गया है।

वर्षों बाद मिले तो यादों में खो गए पूर्व छात्र

लखनऊ। एलयू के आचार्य नरेंद्र देव अंतरराष्ट्रीय छात्रावास का द्वितीय पुरातन छात्र सामागम सोमवार को गोमती नगर स्थित एक कैफे में मनाया गया। कार्यक्रम में छात्रावास में रहने वाले 80 और 90 के दशक से लेकर आज तक के पूर्व छात्रों ने प्रतिभाग किया।

सैकड़ों पूर्व छात्रों ने शामिल होकर एक दूसरे से पुरानी यादों को ताजा किया। आयोजन समिति के सदस्य प्रदीप सिंह बब्बू ने बताया कि पूर्व छात्रों ने कार्यक्रम में रिश्तों को सहेजने और संवारने का काम किया। कार्यक्रम में पूर्व राज्यमंत्री राम सिंह राणा, विधायक धीरेंद्र प्रसाद राघवेंद्र सिंह, सुनील भदौरिया, संजय त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

i-NEXT PAGE 4

एलयू में आज से पीजी एडमिशन

प्रोफेशनल कोर्सों में भी होगी एडमिशन की शुरुआत

LUCKNOW (10 April): लखनऊ यूनिवर्सिटी में पीजी, पीजी प्रोफेशनल, वीपीएड, एमपीएड और एमएड की 5 हजार सीटों के लिए सेंट्रलाइज्ड व्यवस्था के तहत प्रवेश प्रक्रिया 11 अप्रैल से शुरू होगी. इव कोर्सेस में 10 जून तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकेगा. वीसी प्रो. आलोक कुमार राय प्रवेश प्रक्रिया का शुभारंभ करेंगे.

इन बातों का रखें ध्यान

- एडमिशन फार्म भरने से पहले यूनिवर्सिटी में करना होगा रजिस्ट्रेशन
- कैंडीडेट की फोटो, स्कैन कॉपी, सिग्नेचर 50 केबी के अंदर हो
- प्रवेश फॉर्म फीस ऑनलाइन जमा करने के बाद 72 घंटे में फीस जमा करें

फीस पर एक नजर

- **पीजी कोर्स की आवेदन फीस**

जनरल व ओबीसी	1000 रुपए
एससी-एसटी व पीएच	500 रुपए

- **पीजी प्रोफेशनल एमबीए व एमटीटीएम**

जनरल व ओबीसी	1600 रुपए
एससी-एसटी व पीएच	800 रुपए

- **वीपीएड**

जनरल व ओबीसी	1600 रुपए
एससी-एसटी व पीएच	800 रुपए

- **एमपीएड**

जनरल व ओबीसी	1600 रुपए
एससी-एसटी व पीएच	800 रुपए

- **एमएड**

जनरल व ओबीसी	1600 रुपए
एससी-एसटी व पीएच	800 रुपए

पांक्सो अधिनियम पर आयोजित हुई कार्रशाला

एलयू के लॉ फैकल्टी में शिक्षक सहायता केंद्र और जिला शिक्षक सेवा प्राधिकरण की ओर से सेमवर को पॉक्सो अधिनियम पर कार्यशाला हुई. इस दौरान बच्चों को गुड टच व बैड टच के बारे में बताया. काफी बड़ी संख्या में लोग इस कार्यशाला का हिस्सा बने.

इस तरह करें आवेदन

एलयू की वेबसाइट पर जाकर पीजी एडमिशन क्लिक कर एडमिशन से संबंधित जानकारियां पीजी एडमिशन ब्रोशर से ले सकते हैं. मोबाइल से भी इसे डाउनलोड कर सकते हैं.

15 स्टूडेंट्स का कैंपस प्लेसमेंट

एलयू के इंजीनियरिंग फैकल्टी के प्लेसमेंट सेल की ओर से हुए प्लेसमेंट ड्राइव में 15 स्टूडेंट्स का चयन 3 कंपनियों में हुआ है. प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. हिमांशु पांडेय ने बताया कि 15 स्टूडेंट्स में असमदिया टेक्नोलॉजी कंपनी में 10 स्टूडेंट गीतांजलि होमस्टेट कंपनी और जाइप इंडिया में पांच स्टूडेंट्स का चयन हुआ.

JAGRAN CITY PAGE III

लवि में सम्मेलन आज से

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय सभागार में वाणिज्य विभाग व इंडियन अकाउंटिंग एसोसिएशन द्वारा मंगलवार से दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन किया जा रहा है। इसका उद्घाटन केंद्रीय मंत्री महेंद्र नाथ पांडेय व केंद्रीय राज्य मंत्री अश्विनी कुमार चौबे करेंगे। वाणिज्य विभाग के हेड प्रो. अवधेश कुमार ने बताया कि सतत संवृद्धि 75 : स्वतंत्रता प्राप्ति के 75 वर्षों के उपरांत तृतीय महत्तम अर्थव्यवस्था की ओर भारत के बढ़ते कदम विषय पर इस सम्मेलन में अर्थ व्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर चर्चा होगी। (जासं)

AMRIT VICHAR PAGE 4

बीपीएड, एमपीएड और एमएड में प्रवेश आज से

लखनऊ विश्वविद्यालय केन्द्रीयकृत प्रवेश व्यवस्था के तहत पांच हजार सीटों पर लेगा प्रवेश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय में मंगलवार से सत्र 2023-24 की केंद्रीयकृत प्रवेश व्यवस्था के अंतर्गत आनलाइन परास्नातक और परास्नातक प्रोफेशनल के तहत बीपीएड, एमपीएड और एमएड की 5000 सीटों के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू करेगा। फॉर्म भरने की प्रक्रिया आनलाइन है। फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 10 जून निर्धारित कर दी गई है।

अभ्यर्थी लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर एडमिशन पेज में पीजी एडमिशन पर जाकर सभी जानकारी हासिल कर सकते हैं। इसके साथ ही छात्र आवेदन करते समय ब्रोशर को अच्छा तरह से जरूर पढ़ रहें ताकि आवेदन के बाद संशोधन की कोई स्थिति न आने पाये। इसके अलावा एडमिशन फॉर्म अभ्यर्थी अपने मोबाइल के माध्यम से भी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर या लखनऊ विश्वविद्यालय का ऐप डाउनलोड करके भी भर सकते हैं।

व्यवस्था

- ऑनलाइन है फॉर्म भरने की प्रक्रिया
- फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 10 जून

फॉर्म भरते समय इन बातों का रखें ध्यान

- सभी छात्रों का पंजीकरण कराना अनिवार्य है।
- फार्म भरने के पूर्व ब्रॉशर अनिवार्य रूप से पढ़ें।
- अभ्यर्थी के फोटो की स्कैन कापी 50 केबी के अंदर हो।
- साइन की स्कैन कापी 50 केबी के अंदर हो।
- आरक्षण का लाभ लेना है तो प्रमाण पत्र जरूरी

पीजी प्रवेश फार्म शुल्क

सामान्य और ओबीसी	1000 रुपये
एससी-एसटी और पीएच	500 रुपये

पीजी प्रोफेशनल (एमबीए, एमटीटीएम)

सामान्य और ओबीसी	1600 रुपये
एससी एसटी और पीएच	800 रुपये

बीपीएड आवेदन फीस

सामान्य और ओबीसी	1600 रुपये
एससी एसटी और पीएच	800 रुपये

एमपीएड प्रवेश फॉर्म फीस

सामान्य और ओबीसी	1600 रुपये
एससी एसटी और पीएच	800 रुपये

एमएड आवेदन फॉर्म फीस

सामान्य और ओबीसी	1600 रुपये
एससी एसटी और पीएच	800 रुपये

15 छात्रों का हुआ कैंपस प्लेसमेंट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकीय संकाय के प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में 15 छात्र-छात्राओं का 3 कम्पनियों असमदिया टेक्नोलॉजीस, गीतांजलि होमस्टेट और जाइप इंडिया में कैंपस प्लेसमेंट हुआ।

प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि बीसीए छात्रों के लिए आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में असमदिया टेक्नोलॉजीस कंपनी में 10 छात्र-छात्राओं (अंकुर वर्मा, अनुपम वर्मा, जतिन यादव, नितेश यादव, रुश्दिया, श्रद्धा मिश्रा, आकर्षि रोहतगी, रोहन चौरसिया, जाह्नवी शर्मा, और तान्या त्रिपाठी का चयन जूनियर सॉफ्टवेयर डेवलपर के पद पर अधिकतम 3.5 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर, गीतांजलि होमस्टेट कम्पनी में बीटेक के 2 छात्रों नवाजिश बेग और मोहित गंगवार का चयन 4.0 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज एवं एमसीए के 2 छात्रों मुहम्मद अब्दुल्ला और कृतिका का चयन 5.0 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर बिजनेस डेवलपमेंट एग्जीक्यूटिव के पद पर एवं जाइप टेक इंडिया कम्पनी में एमसीए के छात्र शुभम गौतम का चयन पीएचपी डेवलपर ट्रेनी के पद पर चयन हुआ है।

VOICE OF LUCKNOW PAGE 6

लविवि में परास्नातक प्रवेश प्रक्रिया आज से शुरू

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। लविवि के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने शैक्षणिक सत्र 2023-24 की केंद्रीयकृत प्रवेश व्यवस्था के अंतर्गत ानातक (पीजी) प्रवेश की प्रक्रिया की शुरुआत 11 अप्रैल को करेंगे। ऑनलाइन प्रवेश फार्म भरने की अंतिम तिथि 10 जून है। इसमें पीजी के अलावा पीजी प्रोफेशनल, बीपीएड, एमपीएड और एमएड की पांच हजार सीटों के भी दाखिले होंगे। इसकी जानकारी देते हुए प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि अभ्यर्थी लविवि की वेबसाइट पर एडमिशन पेज में पीजी एडमिशन पर जाकर प्रवेश संबंधित सभी सूचनाएं एडमिशन ब्रोशर से प्राप्त कर सकते हैं। एडमिशन फार्म अभ्यर्थी अपने मोबाइल के माध्यम से भी विविि की वेबसाइट पर जाकर या लविवि का एप डाउनलोड करके भी भर सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रवेश फार्म भरने से पूर्व इन प्रमुख बिन्दुओं का विशेष ध्यान रखने की जरूरत है। इसमें केंद्रीयकृत प्रवेश व्यवस्था (सेंट्रलाइज्ड एडमिशन फार्म) भरने के पूर्व प्रत्येक अभ्यर्थी को लखनऊ युनिवर्सिटी रजिस्ट्रेशन नंबर (एलयूआरएन) पंजीकरण करना अनिवार्य है। एलयूआरएन पंजीकरण करने के लिए अभ्यर्थी एडमिशन पेज पर जाकर अपना पंजीकरण कर लें क्योंकि ऑनलाइन एडमिशन फार्म में एलयूआरएन पंजीकरण संख्या भरना अनिवार्य है। फार्म भरने के पूर्व एडमिशन ब्रोशर में उल्लिखित सभी निर्देश अवश्य पढ़ लें। अभ्यर्थी के फोटो की स्कैन कापी 50 केबी अंदर हो। सिग्नेचर की स्कैन कापी 50 के